# स्टार्टअप को पंख लगाएगा एकेटीयू का इनोवेशन हब

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। एकेटीयू की इनोवेशन हब के माध्यम से स्टार्टअप को वैश्विक मंच मिल सकता है। जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में वर्चुअल हिस्सा ले रहे आईआईएम के एक्सपर्ट नवीन कृष्ण राय ने इनोवेशन हब के बारे में उद्यमियों को बताया। साथ ही एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने इच्छुक उद्यमियों की पूरी मदद करने का भरोसा दिया। उन्होंने आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस के बारे में भी बताया। प्रो. जेपी पाण्डेय कुलपति के तौर पर इनोवेशन हब के पदेन मुखिया हैं। वहीं आईआईएम इन्दौर के प्रबंधक नवीन कृष्ण राय को इस हब का सलाहकार बनाया गया है। प्रो. पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश में एक बेंचमार्क स्टार्टअप और इनक्यूबेशन सपोर्ट सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इस मौके पर नवीन कृष्ण राय ने बताया कि इनोवेशन हब से अब तक 300 से अधिक स्टार्टअप को मदद दी जा चुकी है।